## समाहरणालय सीतामढ़ी

(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

### :- आदेश :-

राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना के पत्रांक 896 दिनांक 18.06.2020 द्वारा 140वीं हेलेन केलर जयन्ती (27 जून 2020) के अवसर पर राज्य निवासी दिव्यांगजनों एवं उससे जुड़े व्यक्तियों/संस्थाओं/सरकारी अधिकारीगण अन्य के साथ विविध ऑनलाईन मीडिया साधन यथा-विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, यूट्यूब, फेसबुक, ट्वीटर, व्हाट्सएप्प आदि के माध्यमों से वर्चुअल ई-जन जागरूकता-सह- ई-संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के संरक्षण, उनके कल्याणार्थ संचालित योजनाओं, अपने समस्याओं/शिकायतों को ऑनलाईन लोक अदालत के माध्यम से समाधान एवं आगामी बिहार विधान सभा चुनाव, 2020 में मतदान का अधिकार के संबंध में जागरूक किये जाने का निदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त क्रम में दिनांक 27.06.2020 को 140वीं हेलेन केलर जयन्ती के अवसर पर दिव्यांगजनों के साथ ई-संवाद के माध्यम से हेलेन केलर जयन्ती के थीम "शत-प्रतिशत दिव्यांगजन करे अपने मताधिकार का प्रयोग (सरल, सुगम, समावेशी एवं बाधा रहित मतदान) एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में प्रदत्त अधिकार (सुरक्षा, संरक्षण, पूर्ण भागीदारी, हिस्सेदारी एवं प्रोडक्टिव सीटीजन) मिले बिहार के हर दिव्यांगजनों के द्वार-द्वार" के आलोक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी निम्न संसाधनों यथा- पंचायत स्तर पर गठित दिव्यांगजन समूह, कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, विकास मित्र, ग्रामीण आवास सहायक के माध्यम से प्रखंड स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक जागरूक करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला प्रबंधक, सक्षम (बुनियाद केन्द्र), सीतामढ़ी अपने स्तर से सभी तकनीकि कर्मी को अपने आवंटित प्रखंड में दिव्यांगजनों को ई-संवाद द्वारा हेलेन केलर जयन्ती के थीम के आलोक में जागरूक कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

सिविल सर्जन, सीतामढ़ी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, सीतामढ़ी अपने स्तर से विभिन्न संसाधनों के माध्यम से दिव्यांगजनों को जागरूकता सुनिश्चित करायेंगे।

जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, सीतामढ़ी को निदेश दिया जाता है कि अपने स्तर से 140वीं हेलेन केलर जयन्ती के अवसर पर दिनांक 27.06.2020 को आयोजित उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से कराना सुनिश्चित करेंगे।

दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था/रेड क्रॉस सोसायटी, सीतामढ़ी को निदेश दिया जाता है कि वे अपने स्तर से दिव्यांगजनों को जागरूकता सुनिश्चित करायेंगे।

सभी संबंधित पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में की गई कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नक :- विभागीय पत्र।

ह0/-
जिला पदाधिकारी
सीतामढ़ी।

D/Amar/2026

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक :–.....431........../सा0सु0 दिनांक :–...26/6/20

प्रतिलिपि :– सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सीतामढ़ी जिला को सूचनार्थ अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था/रेड क्रॉस सोसाईटी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी अनुमण्डल पदाधिकारी सीतामढ़ी जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सिविल सर्जन, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– राज्य आयुक्त निःशक्तता को सादर सूचनार्थ समर्पित।

25/6/20
जिला पदाधिकारी
सीतामढ़ी।

ई–समारोह (पूर्वा0 11:00 बजे से अप0 02:00 बजे) से जुड़ने हेतु

| | |
|---|---|
| USER ID | 85259012072 |
| PASSWORD | 831383 |

तथा लाईव कार्यक्रम (अप0 04:00 बजे से 06:00 बजे) से जुड़ने हेतु

Link://www.fecabook.com/scdisabilities/

D/Amar/2026
D/Amar/2026

Scanned with CamScanner